

मई–2019

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- उल्लेखनीय कार्य
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध





● दिनांक 29.04.2019 : पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था ने सरदार वल्लभभाई पटेल, नेशनल पुलिस अकादमी, हैदराबाद से लखनऊ आये 71 आरआर बैच के 33 प्रशिक्षु आई.पी.एस. अधिकारियों को उ.प्र. में पंचम चरण लोक सभा मतदान दिनांक 06.05.2019 हेतु Study cum exposure visit / Attachment in the electoral process के सम्बन्ध में सम्बोधित किया।

● दिनांक 14.04.19 : "अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस" पर फायर स्टेशन हजरतगंज, लखनऊ पर आयोजित शोक परेड में पुलिस महानिदेशक, फायर सर्विस उ.प्र., श्री विश्वजीत महापात्रा व अन्य ने अग्निशमन शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस महानिदेशक, फायर सर्विस, उ.प्र. ने मा. राज्यपाल, उ.प्र., मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन, प्रमुख सचिव (गृह) व पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. को अग्निशमन सेवा दिवस का स्टीकर लगाया। मा. राज्यपाल ने अग्निशमन वाहनों की रैली को रवाना किया।







14 अप्रैल 1944 को मुम्बई बन्दरगाह पर एस.एस. फोर्ट स्टीकिन नामक मालवाहक पोत में रखे रुई के बण्डल, विस्फोटक एवं युद्ध उपकरण में अकस्मात् लगी आग को बुझाते समय हुए विस्फोट के कारण मुम्बई अग्निशमन सेवा के 66 कर्मी वीरगति को प्राप्त हुए जिनकी स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को सम्पूर्ण भारत वर्ष में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस तथा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। देश में अग्निशमन सेवाओं द्वारा "त्रणाय सेवाम्हे" (WE SERVE TO SAVE) की भावना एवं उद्देश्य से सेवायें प्रदान की जाती हैं। वर्ष 2019 में "अग्नि सुरक्षा सप्ताह" का संकल्प "आग बुझाने से बेहतर, आग की रोकथाम" (FIRE PREVENTION IS BETTER THAN FIRE FIGHTING) है। वर्ष–2018 में उ.प्र. फायर सर्विस ने 2,054 मनुष्यों तथा 7,136 पशुओं की जीवन रक्षा की तथा लगभग रु. 281 करोड़ की सम्पत्ति को जलने से बचाया। वर्ष 2018 तक 286 अग्निशमन केन्द्र स्वीकृत थे। वर्ष 2018–2019 में 57 नये अग्निशमन केन्द्र स्वीकृत होने के उपरान्त प्रदेश में कुल 343 केन्द्र हो गये है।



● दिनांक 02.04.2019 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. पर आहूत की जाने वाली वरिष्ठ अधिकारियों की गोष्ठी उ.प्र. पुलिस रेडियो मुख्यालय के "पद्म श्री छत्रपति जोशी सभागार" में सम्पन्न की। गोष्ठी में विगत गोष्ठियों के बिन्दुओं की प्रगति की समीक्षा के साथ–साथ विभिन्न इकाईयों को सौंपे गये कार्यों की समीक्षा, पुलिस बल में उन्नत तकनीक को आत्मसात करने, पुलिस प्रशिक्षण गतिविधियों के उन्नयन, सिग्नेचर बिल्डिंग की व्यवस्थाएँ, पुलिस से सम्बन्धित समसामयिक विषय, इत्यादि पर विचार–विमर्श किया गया।

## जन कल्याण सेवाएँ

### साइबर बुलिंग जागरुकता कार्यक्रम

● दिनांक 23.04.2019 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के निर्देशानुसार वीमेन पावर लाइन–1090 ने यूनिसेफ, साइबर पीस फाउण्डेशन व गूगल इण्डिया के सहयोग से साइबर बुलिंग जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि, श्रीमती अंजू गुप्ता, एडीजी, यूनिसेफ उ.प्र. की प्रमुख, रुथ लियानो व अन्य उपस्थित रहे। लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर व गौतमबुद्धनगर के विद्यालयों में 30,000 छात्राओं को साइबर बुलिंग के प्रति जागरुक करने के लक्ष्य के प्रथम चरण में लखनऊ व वाराणसी के विद्यालयों में छात्राओं को संवेदित किया। वीमेन पावर लाइन–1090 के अनुभव व तकनीकी विशेषज्ञता के आधार पर साइबर पीस फाउण्डेशन के सदस्यों ने साइबर बुलिंग व बचने के उपाय, इसकी शिकायत करने व साइबर से जुड़े विभिन्न आयामों के बारे में, दो सत्रों में सम्पन्न कार्यशाला में, लगभग 600 छात्राओं को जागरुक किया।



## सराहनीय कार्य

● दिनांक 29.04.2019 : मथुरा में 3 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट के रु. 5,03,000.00 बरामद।

● दिनांक 27.04.2019 : गाज़ियाबाद में 4 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट के रु. 4,65,000.00 बरामद।

● दिनांक 25.04.2019 : दिनांक 20.04.2019 को आगरा से हाथरस भेजे गये 88 कट्टे पान मसाला (गोल्ड मोहर) तम्बाकू के वाहन चालक को बन्धक बनाकर लूटने वाले 4 अभियुक्त मय आग्नेयास्त्र गिरफ्तार। अभियुक्तों ने दिनांक 01.03.2019 को अतरौली पाली रोड पर मोटर साइकिल सवार से रु. 2,00,000.00 लूटना भी स्वीकार किया।

● दिनांक 25.04.2019 : चोरी का अभियुक्त लखनऊ में गिरफ्तार, रु. 9,00,000.00 मूल्य के जेवर व रु. 82,780.00 नकद बरामद।

● दिनांक 24.04.2019 : गौतमबुद्धनगर में 3 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के 25 लैपटॉप, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 21.04.2019 : चन्दौली फर्जी पासपोर्ट बनवाने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार, विभिन्न व्यक्तियों के 38 पासपोर्ट व 6 फर्जी इम्प्लायमेण्ट वीज़ा व फर्जी टिकट आदि बरामद।

● दिनांक 16.04.2019 : गौतमबुद्धनगर 2 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के रु. 5,00,000.00 के सोने के आभूषण बरामद।

● दिनांक 15.04.2019 : गाज़ियाबाद 3 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट के 105 मोबाईल फोन आदि जब्त।

● दिनांक 14.04.2019 : चन्दौली में 5 अभियुक्त गिरफ्तार, अष्टधातु की शंख की आकृति की रु. 2.5 करोड़ की वस्तु, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 13.04.2019 : दिनांक 08.04.2019 को मऊ में बैंक में रुपये जमा कराने जाते समय पेट्रोल पम्प मालिक के लड़के को 3 बदमाशों ने गोली मारकर रुपयों का बैग छीन लिया। 3 लुटेरे गिरफ्तार, लूट के रु. 7,02,600.00 बरामद।

● दिनांक 12.04.2019 : बस्ती में 3 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के सोने/चांदी के 1.271 कि.ग्रा. जेवरात, वाहन, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 11.04.2019 : बरेली में 5 चोर गिरफ्तार, चोरी के 14 ई–रिक्शा मूल्य लगभग रु. 20 लाख, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 09.04.2019 : दिनांक 08.04.2019 को एटा में जेएलएन डिग्री कॉलेज के सामने से एक युवक का अपहरण करने वाले 4 अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृत सकुशल मुक्त कराया।

● दिनांक 07.04.2019 : प्रयागराज में 2 अभियुक्त गिरफ्तार, रु. 30 लाख की चोरी की निर्माण सामग्री बरामद। गाज़ियाबाद में चोर गिरफ्तार, चोरी के रु. 10 लाख के सोने/चांदी के जेवरात, आदि बरामद।

● दिनांक 03.04.2019 : मथुरा में 4 लुटेरे गिरफ्तार, स्क्रैप लूट का रु. 4,10,000.00 बरामद।

● दिनांक 01.04.2019 : कानपुरनगर में चोर गिरफ्तार, चोरी के रु. 10 लाख के जेवर व देशी/विदेशी मुद्रा, आग्नेयास्त्र बरामद। लखनऊ में रु. 2 करोड़ के मोबाइल फोन की धोखाधड़ी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

● दिनांक 31.03.2019 : दिनांक 21/22.3.2019 को चालक को नशे की सुई लगाकर बेहोश कर ट्रक का माल लूट कर, ट्रक व चालक को हाईवे के किनारे छोड़कर भागे 5 अभियुक्त कानपुर नगर से गिरफ्तार, लूट का रु. 26 लाख का लेदर का सामान व लूट में प्रयुक्त वाहन बरामद।

## प्रशंसनीय कार्य

● दिनांक 24.04.2019 : दिनांक 20.04.2019 को ग्राम–बैदौली टोबा, थाना–निचलौल, जनपद महराजगंज निवासी श्री छोटे लाल के पास अपनी पत्नी के अन्तिम संस्कार की कोई व्यवस्था न होने की जानकारी पर प्रभारी निरीक्षक, श्री गजेन्द्र राय ने दाह संस्कार कराया गया और परिजनों की हरसम्भव मदद की। श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने अत्यंत संवेदनापूर्ण मानवीय मूल्य प्रदर्शन हेतु श्री राय को 'पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह' प्रदान करने की घोषणा की।

● दिनांक 23.04.19 : दिनांक 19.04.2019 को नवयुग एक्सप्रेस ट्रेन में नई दिल्ली से यात्रा कर रहे व्यक्ति ने यात्रा के दौरान चलती ट्रेन में सहयात्री द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने पर ट्वीट कर मदद माँगी। ट्विटर द्वारा प्राप्त शिकायत पर सोशल मीडिया सेल, जीआरपी, आगरा की त्वरित कार्यवाही के कारण थाना जीआरपी, आगरा कैण्ट द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मानवीय संवेदनापूर्ण त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा की व सम्बन्धित पुलिस कर्मियों को 'पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह' प्रदान करने की घोषणा की।

## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस.

● दिनांक 04.04.2019 : दिनांक 02.04.2019 को अयोध्या में एक व्यक्ति के फोन पर असलहा ले जाने व बम विस्फोट करने विषयक फोन आया। एटीएस की जाँच से फोन नम्बर विभूति खण्ड में एयरटेल की पीआरआई लाइन का पुष्ट हुआ। एटीएस को उक्त पते पर कई पीआरआई लाइन व सर्वर चलते मिले जिनसे फेक कॉल कराई जा रही थी। डिपार्टमेंट ऑफ़ टेलीकॉम, फील्ड यूनिट, यूपी ईस्ट एल.एस.ए. (लाइसेंस सर्विस एरिया) और एटीएस ने इण्टरनेट गेटवे को बाईपास कर विदेशी अवैध इण्टरनेट कॉलिंग रैकेट का भण्डाफोड़ कर 2 अभियुक्त गिरफ्तार किये।

### एस.टी.एफ.

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| 17.04.19 | प्रयागराज | 01 | 12.04.19 | बरेली | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 24.04.19 | रामपुर | 01 | 08.04.19 | रामपुर | 01 |
| 15.04.19 | वाराणसी | 01 | 06.04.19 | गोरखपुर | 01 |
| 09.04.19 | प्रयागराज | 01 | 05.04.19 | अमेठी | 01 |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | इनाम (रु.) : 10,000.00 | | |
| 24.04.19 | लखनऊ | 01 | 27.04.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 16.04.19 | लखनऊ | 01 | | | |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 22.04.19 | अलीगढ़ | स्प्रिट | –– | 9.50लाख | 02 |
| 08.04.19 | एनसीआर | स्प्रिट | –– | 45 लाख | 06 |
| 07.04.19 | मेरठ | शराब | –– | 2.5 लाख | 02 |
| 04.04.19 | लखनऊ | –– | 900ग्रा.हेरोईन | 01 करोड़ | 03 |
| 02.04.19 | लखनऊ | –– | 650ग्रा.हेरोईन | 65 लाख | 01 |

● दिनांक 25.04.2019 : आई.बी. में नौकरी का झाँसा देकर 72 लाख की ठगी करने वाला फर्जी आई.बी. ऑफिसर कानपुर नगर से गिरफ्तार।

● दिनांक 24.04.2019 : मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद व पटना में समीक्षा/सहायक समीक्षा अधिकारी, लिपिक व चपरासी तथा इनकम टैक्स, सिंचाई, सेतु निगम में लिपिक व चपरासी आदि पदों पर नियुक्ति हेतु लगभग 1,400 लोगों से रु. 50 करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह का भण्डाफोड़, 4 ठग प्रयागराज से गिरफ्तार, अवैध दस्तावेज, करोड़ों रुपये के भरे व ब्लैंक चेक, रु. 1,30,000.00 नकद व वाहन बरामद।

● दिनांकः 18.04.2019 : दिनांक 03.04.2019 को गोरखपुर के थाना गगहा क्षेत्र से पूर्व कैबिनेट मंत्री, उ.प्र. के गनर से जहरखुरानी कर कारबाईन लूटने वाला अभियुक्त मय कारबाईन गिरफ्तार।

● दिनांक 17.04.2019 : अन्तर्राज्यीय 2 असलहा तस्कर मय 7 पिस्टल, 1 देशी रिवॉल्वर, आदि प्रयागराज से तथा पर्यावरण संरक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश की फर्जी वेबसाइट बनाकर उ.प्र. मे 37,396 पदों पर संविदा पर भर्ती निकाल कर 20 हजार बेरोजगारों से लगभग रु. 42 लाख का ठग फर्जी दस्तावेज सहित आजमगढ़ से गिरफ्तार।

● दिनांक 13.04.2019 : वाणिज्यकर के साथ संयुक्त अभियान में कम्पनियों के संगठित नेटवर्क द्वारा रु. 13.09 करोड़ की कर चोरी का पर्दाफाश।

● दिनांक 11.04.2019 : राष्ट्रीय पशु एवं डेयरी विकास परिषद् (भारत सरकार का उपक्रम) नामक फर्जी संस्था बनाकर पशुधन अधिकारी, पशुधन निरीक्षक, शाखा प्रबन्धक, कार्यालय सहायक, क्लर्क व कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि पदों पर सरकारी नौकरी में नियुक्ति के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के 2 सदस्य मय अवैध दस्तावेज गिरफ्तार।

● दिनांक 09.04.2019 : आई.पी.एल. बेटिंग एक्सचेन्ज गिरोह के 8 अभियुक्त कानपुर नगर व वाराणसी से गिरफ्तार, रु. 30.53 लाख नकद, 350 दिरहम (विदेशी मुद्रा) व अन्य सामग्री जब्त।

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 1,00,000.00 | | | | | |
| | | | 15.04.19 | कुशीनगर | 01 |
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| 28.04.19 | वाराणसी | 02 | 18.04.19 | झाँसी | 01 |
| 23.04.19 | प्रयागराज | 01 | 31.03.19 | बस्ती | 01 |
| 19.04.19 | वाराणसी | 01 | | | |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 30.04.19 | प्रयागराज | 01 | 13.04.19 | गोरखपुर | 01 |
| 29.04.19 | प्रयागराज | 02 | 13.04.19 | प्रतापगढ़ | 01 |
| 27.04.19 | प्रयागराज | 02 | 12.04.19 | गोरखपुर | 01 |
| 27.04.19 | बुलन्दशहर | 01 | 12.04.19 | वाराणसी | 01 |
| 27.04.19 | आजमगढ़ | 01 | 12.04.19 | प्रयागराज | 01 |
| 25.04.19 | रायबरेली | 01 | 11.04.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 25.04.19 | प्रयागराज | 02 | 11.04.19 | प्रयागराज | 01 |
| 24.04.19 | गोरखपुर | 01 | 11.04.19 | फर्रुखाबाद | 01 |
| 23.04.19 | अमरोहा | 01 | 09.04.19 | बलिया | 01 |
| 22.04.19 | प्रयागराज | 01 | 09.04.19 | प्रयागराज | 02 |
| 22.04.19 | वाराणसी | 01 | 09.04.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 21.04.19 | प्रयागराज | 01 | 08.04.19 | सुल्तानपुर | 01 |
| 20.04.19 | मऊ | 01 | 08.04.19 | मथुरा | 01 |
| 20.04.19 | मैनपुरी | 01 | 07.04.19 | प्रयागराज | 02 |
| 20.04.19 | प्रयागराज | 05 | 06.04.19 | बलरामपुर | 01 |
| 19.04.19 | शामली | 01 | 06.04.19 | प्रयागराज | 01 |
| 19.04.19 | वाराणसी | 01 | 05.04.19 | वाराणसी | 01 |
| 18.04.19 | रायबरेली | 02 | 02.04.19 | प्रयागराज | 01 |
| 18.04.19 | बरेली | 01 | 02.04.19 | श्रावस्ती | 01 |
| 18.04.19 | प्रयागराज | 02 | 02.04.19 | मेरठ | 02 |
| 17.04.19 | गाजीपुर | 01 | 31.03.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| 17.04.19 | बाराबंकी | 01 | 31.03.19 | वाराणसी | 01 |
| 15.04.19 | मैनपुरी | 01 | 31.03.19 | प्रयागराज | 03 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| 27.04.19 | एटा | 01 | 14.04.19 | रायबरेली | 02 |
| 27.04.19 | कौशाम्बी | 01 | 11.04.19 | बरेली | 02 |
| 24.04.19 | प्रयागराज | 01 | 10.04.19 | बाराबंकी | 04 |
| 23.04.19 | जौनपुर | 02 | 09.04.19 | गोरखपुर | 01 |
| 18.04.19 | गोण्डा | 01 | 03.04.19 | ललितपुर | 01 |
| 18.04.19 | खीरी | 02 | 02.04.19 | जालौन | 01 |
| 17.04.19 | कौशाम्बी | 01 | 01.04.19 | लखनऊ | 01 |
| 16.04.19 | जौनपुर | 01 | 31.03.19 | खीरी | 01 |
| 16.04.19 | एटा | 01 | 31.03.19 | सम्भल | 01 |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | | | |
| 27.04.19 | संतकबीरनगर | 01 | 11.04.19 | गोण्डा | 01 |
| 26.04.19 | सीतापुर | 01 | 10.04.19 | संतकबीरनगर | 01 |
| 26.04.19 | एटा | 02 | 09.04.19 | रायबरेली | 01 |
| 24.04.19 | रायबरेली | 01 | 07.04.19 | रायबरेली | 01 |
| 22.04.19 | शाहजहाँपुर | 01 | 06.04.19 | हरदोई | 01 |
| 21.04.19 | रायबरेली | 02 | 05.04.19 | सम्भल | 01 |
| 21.04.19 | प्रयागराज | 01 | 05.04.19 | एटा | 01 |
| 21.04.19 | एटा | 01 | 05.04.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| 21.04.19 | वाराणसी | 01 | 05.04.19 | रायबरेली | 01 |
| 20.04.19 | प्रयागराज | 04 | 05.04.19 | बाँदा | 01 |
| 18.04.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 04.04.19 | मुरादाबाद | 01 |
| 17.04.19 | कन्नौज | 01 | 04.04.19 | रायबरेली | 01 |
| 16.04.19 | मथुरा | 01 | 03.04.19 | बलिया | 01 |
| 16.04.19 | एटा | 01 | 02.04.19 | फतेहपुर | 01 |
| 13.04.19 | रायबरेली | 01 | 31.03.19 | मुज़फ्फरनगर | 02 |
| 12.04.19 | सहारनपुर | 02 | | | |
| इनाम (रु.) : 12,000.00 | | | | | |
| 25.04.19 | वाराणसी | 01 | 13.04.19 | एटा | 01 |
| 16.04.19 | एटा | 01 | 05.04.19 | वाराणसी | 01 |
| इनाम (रु.) : 10,000.00 | | | | | |
| 27.04.19 | प्रयागराज | 01 | 10.04.19 | हमीरपुर | 01 |
| 27.04.19 | एटा | 01 | 09.04.19 | एटा | 01 |
| 24.04.19 | प्रयागराज | 02 | 04.04.19 | हरदोई | 01 |
| 22.04.19 | प्रयागराज | 02 | 04.04.19 | जालौन | 01 |
| 18.04.19 | चन्दौली | 01 | 01.04.19 | एटा | 02 |
| 17.04.19 | खीरी | 01 | 01.04.19 | कुशीनगर | 02 |
| 17.04.19 | चन्दौली | 02 | 31.03.19 | खीरी | 01 |
| 14.04.19 | बुलन्दशहर | 01 | 31.03.19 | जालौन | 01 |
| 11.04.19 | बुलन्दशहर | 02 | | | |
| इनाम (रु.) : 5,000.00 | | | | | |
| 29.04.19 | प्रयागराज | 02 | 07.04.19 | फतेहगढ़ | 02 |
| 24.04.19 | महोबा | 02 | 03.04.19 | बागपत | 03 |
| 23.04.19 | सहारनपुर | 01 | | | |
| इनाम (रु.) : 2,500.00 | | | | | |
| | | | 06.04.19 | बाराबंकी | 03 |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 29.04.19 | मथुरा | 250 | –– | 15 लाख | 01 |
| 29.04.19 | आजमगढ़ | –– | 1001 कि.ग्रा.गाँजा | –– | 01 |
| 27.04.19 | मेरठ | 275 | –– | –– | 01 |
| 26.04.19 | बलिया | –– | 1 कि.ग्रा. हेरोईन | 01 करोड़ | 02 |
| 24.04.19 | जौनपुर | 250 | –– | 10 लाख | 05 |
| 24.04.19 | बलिया | 150 | –– | –– | 03 |
| 23.04.19 | मिर्जापुर | 164 | –– | 10 लाख | 02 |
| 22.04.19 | मिर्जापुर | –– | 125 कि.ग्रा.गाँजा | 08 लाख | 03 |
| 21.04.19 | मेरठ | 75 | –– | –– | 01 |
| 20.04.19 | गौतमबुद्धनगर | 316 | –– | 18 लाख | 01 |
| 20.04.19 | गाज़ियाबाद | –– | 30.1 कि.ग्रा.गाँजा | –– | 03 |
| 18.04.19 | कासगंज | 200 | –– | –– | 02 |
| 16.04.19 | कौशाम्बी | –– | 1 कुन्तल गाँजा | –– | 05 |
| 16.04.19 | बाराबंकी | –– | 400 ग्रा.मॉर्फीन | –– | 02 |
| 16.04.19 | वाराणसी | 270 | –– | 25 लाख | 02 |
| 15.04.19 | बलिया | –– | 850 ग्रा. हेरोईन | 85 लाख | 02 |
| 14.04.19 | बाराबंकी | –– | 150 ग्रा.मॉर्फीन | –– | 03 |
| 14.04.19 | बुलन्दशहर | 578 | –– | 52 लाख | 02 |
| 13.04.19 | बाराबंकी | –– | 300 ग्रा.मॉर्फीन | –– | 02 |
| 12.04.19 | चन्दौली | 220 | –– | 28 लाख | 10 |
| 12.04.19 | वाराणसी | शराब | –– | 24 लाख | 02 |
| 11.04.19 | प्रतापगढ़ | –– | 25 कि.ग्रा.गाँजा | –– | 02 |
| 10.04.19 | मथुरा | 142 | –– | 05 लाख | 02 |
| 09.04.19 | मथुरा | 227 | –– | –– | 01 |
| 08.04.19 | बरेली | –– | 12 कुन्तल 9कि. ग्रा. डोडा चूर्ण | 10 लाख | 07 |
| 08.04.19 | बरेली | –– | 1 कि.ग्रा.अफीम | –– | 02 |
| 07.04.19 | बलिया | –– | 9 ग्रा. हेरोईन | 05 लाख | 02 |
| 07.04.19 | बलिया | –– | 21 कि.ग्रा. गाँजा | –– | 01 |
| 06.04.19 | फिरोज़ाबाद | –– | 6 कि.ग्रा.चरस | 10 लाख | 03 |
| 06.04.19 | प्रयागराज | –– | 30 कुन्तल भाँग | 03 लाख | 01 |
| 04.04.19 | सम्भल | –– | 4 कि.ग्रा.अफीम, 10 कि.ग्रा.पोस्ता | –– | 03 |
| 03.04.19 | बलरामपुर | –– | 400 ग्रा.मॉर्फीन | –– | 02 |
| 02.04.19 | रायबरेली | –– | 150 ग्रा.मॉर्फीन | 7.5 लाख | 02 |
| 01.04.19 | बलिया | –– | 45 कि.ग्रा.गाँजा | –– | 01 |
| 01.04.19 | कुशीनगर | 600 | –– | 21 लाख | 01 |
| 31.03.19 | शामली | 455 | –– | –– | 02 |
| 31.03.19 | मथुरा | –– | 720 ग्रा. कोकीन | 60 लाख | 04 |
| 31.03.19 | प्रयागराज | –– | 39 कि.ग्रा.गाँजा | 2.85 लाख | 04 |
| 31.03.19 | मथुरा | 300 | –– | 10 लाख | 02 |
| 30.03.19 | बहराइच | –– | 1.7 कि.ग्रा.चरस | –– | 03 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद मऊ, मथुरा, रायबरेली, बरेली, मेरठ, अमरोहा, प्रतापगढ़, हापुड़, गाज़ियाबाद, प्रयागराज, लखनऊ, संतकबीरनगर, गौतमबुद्धनगर, बागपत, अलीगढ़, बस्ती, गोरखपुर, वाराणसी, आजमगढ़, चन्दौली, बाँदा, फिरोज़ाबाद, मुरादाबाद, कन्नौज, मुज़फ्फरनगर, महराजगंज, मैनपुरी, सहारनपुर, सम्भल, चन्दौली इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, वाहन, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

### अवैध अस्त्र/शस्त्रों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | अस्त्र/शस्त्र | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 29.04.19 | आजमगढ़ | 23 शस्त्र, 10 कारतूस, आदि | 03 |
| 26.04.19 | बहराइच | 6 तमंचे, आदि | 03 |
| 26.04.19 | मऊ | 1 पिस्टल, 9 तमंचे, आदि | 03 |
| 24.04.19 | गाज़ियाबाद | 1 देशी पिस्टल, 1 देशी रिवॉल्वर, 9 तमंचे, आदि | 03 |
| 22.04.19 | बाराबंकी | 93 तमंचे, आदि | 01 |
| 22.04.19 | वाराणसी | 21 अवैध शस्त्र, आदि | 02 |
| 19.04.19 | बाराबंकी | 10 तमंचे, आदि | 01 |
| 19.04.19 | बाँदा | 1 एसबीबीएल गन देशी, 15 तमंचा, 1 रिवॉल्वर आदि | 01 |
| 14.04.19 | हरदोई | 2 देशी बन्दूक, 3तमंचे, आदि | 01 |
| 12.04.19 | बाराबंकी | 11 तमंचे, 2कारतूस, आदि | 02 |
| 11.04.19 | हरदोई | 1देशी बन्दूक, 9 तमंचे, आदि | 02 |
| 11.04.19 | औरेया | 1देशी बन्दूक, 9 तमंचे, आदि | 01 |
| 11.04.19 | उन्नाव | 5 देशी बन्दूक, 9 अद्धी, 18 तमंचे, 48 कारतूस, आदि | 01 |
| 10.04.19 | अमरोहा | 29 तमंचे, 8 कारतूस, आदि | 03 |
| 09.04.19 | बाँदा | 5 देशी एसबीबीएल गन, 3 तमंचे, 2अद्धी, आदि | 02 |
| 09.04.19 | बलरामपुर | 7 तमंचे, आदि | 01 |
| 08.04.19 | बाराबंकी | 13 तमंचे, 7 कारतूस, आदि | 02 |
| 08.04.19 | आजमगढ़ | 1 बन्दूक, 11 तमंचे, आदि | 02 |
| 07.04.19 | सम्भल | 22 तमंचे, 35 कारतूस, आदि | 01 |
| 07.04.19 | मेरठ | 20 तमंचे, आदि | 01 |
| 07.04.19 | इटावा | 8 तमंचे, 10 कारतूस, आदि | 02 |
| 07.04.19 | गाज़ियाबाद | 2 रिवॉल्वर, 13 तमंचे, आदि | 02 |
| 06.04.19 | चित्रकूट | 2 तमंचे, 1 अद्धी डबल बैरल 8 कारतूस, आदि | 01 |
| 06.04.19 | बलिया | 1 रिवॉल्वर, 2 पिस्टल, 7 तमंचे, 15 कारतूस, आदि | 05 |
| 06.04.19 | बाराबंकी | 05 तमंचे, 5 कारतूस आदि | 01 |
| 06.04.19 | चन्दौली | 4 तमंचे, 19 कारतूस, आदि | 01 |
| 06.04.19 | रायबरेली | 8 तमंचे, 21 कारतूस, आदि | 04 |
| 06.04.19 | सम्भल | 32 शस्त्र, 60 कारतूस, आदि | 02 |
| 05.04.19 | हरदोई | 15 तमंचे, आदि | 01 |
| 04.04.19 | शाहजहाँपुर | 2देशी रायफल, 6तमंचे आदि | 02 |
| 04.04.19 | बरेली | 3 देशी बन्दूक, 7तमंचे, आदि | 01 |
| 04.04.19 | सम्भल | 41 तमंचे, 87 कारतूस, आदि | 02 |
| 04.04.19 | अमरोहा | 2 तमंचे, आदि | 02 |
| 04.04.19 | शाहजहाँपुर | 2देशी रायफल, 4तमंचे, आदि | 02 |
| 04.04.19 | मुरादाबाद | 16 तमंचे, आदि | 01 |
| 04.04.19 | कन्नौज | 1 देशी रिवॉल्वर, 1 देशी रायफल, 6 तमंचे, आदि | 03 |
| 03.04.19 | बरेली | 4 तमंचे, आदि | 02 |
| 03.04.19 | रामपुर | 10 तमंचे, आदि | 04 |
| 03.04.19 | ललितपुर | 8 तमंचे, 1 देशी रिवाल्वर, आदि | 01 |
| 03.04.19 | उन्नाव | 10 देशी पिस्टल, आदि | 01 |
| 03.04.19 | एटा | 48 तमंचे, आदि | 02 |
| 02.04.19 | शामली | 38 तमंचे, 11 कारतूस, आदि | 01 |
| 02.04.19 | आजमगढ़ | 9 तमंचे, आदि | 02 |
| 02.04.19 | उन्नाव | 21 तमंचे, आदि | 02 |
| 01.04.19 | मुज़फ्फरनगर | 9 मस्कट, 5 तमंचे, आदि | 02 |
| 01.04.19 | पीलीभीत | 7 तमंचे, 1 देशी रायफल, 1 देशी बन्दूक, आदि | 01 |
| 01.04.19 | बाराबंकी | 3 अद्धी, 2 तमंचे, आदि | 02 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01.04.19 | बलिया | 9 तमंचे, 9 कारतूस, आदि | 03 |
| 01.04.19 | रामपुर | 9 तमंचे, आदि | 03 |
| 01.04.19 | चन्दौसी | 5 देशी पिस्टल, आदि | 01 |
| 31.03.19 | बागपत | 2 रायफल, 2 बन्दूक, 30 तमंचे, आदि | 02 |

## आदेश/निर्देश

● पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश निर्गत किये हैं–

1) डीजी–परिपत्र संख्या–20/2019 दिनांक 29.04.2019 द्वारा रिट याचिका संख्याः 23463 (एम/बी)/2017 शिवानी वर्मा व अन्य बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में मा. उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ द्वारा पारित आदेश दिनांकित 25.02.2019 के अनुपालन हेतु आवश्यक निर्देश,

2) डीजी–परिपत्र संख्या–19/2019 दिनांक 24.04.2019 व डीजी–परिपत्र संख्या–17/2019 दिनांक 09.04.2019 द्वारा एसिड अटैक की घटनाओं के प्रभावी रोकथाम हेतु आवश्यक निर्देश,

3) डीजी–परिपत्र संख्या–18/2019 दिनांक 19.04.2019 द्वारा शैक्षिक संस्थाओं में शैक्षणिक वातावरण बनाये रखने हेतु आवश्यक निर्देश,

4) डीजी–परिपत्र संख्या–16/2019 दिनांक 08.04.2019 द्वारा प्रदेश के विद्यालयों में अवैध रूप से संचालित हो रहे स्कूली वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने व स्कूली बच्चों की सुरक्षा के सम्बन्ध में निर्देश एवं

4) डीजी–परिपत्र संख्या–15/2019 दिनांक 04.04.2019 द्वारा रिट याचिका संख्याः 156/2016 महेन्द्र चावला बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 05.12.2018 के अनुपालन में "विटनेस प्रोटेक्शन स्कीम–2018" के अनुपालन हेतु निर्देश।

● पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मई 2019 में समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश भी दिये हैं–

1) दिनांक 04.04.2019 : जिला कारागार से जमानत पर छूटने वाले कुख्यात अपराधियों एवं चिन्हित टॉप–15 अपराधियों की मॉनीटरिंग किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश।

## लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2019

- उत्तर प्रदेश कुल लोक सभा सीटें – 80
- मतदान के चरण – 07
- लोक सभा चुनाव हेतु दिनांक 13.04.2019 तक सम्पन्न पुलिस कार्यवाहियों की उपलब्धियाँ–

| | |
|---|---|
| बॉर्डर सीलिंग हेतु स्थापित बैरियर | 482 अन्तर्राज्यीय व 129 अन्तर्राष्ट्रीय कार्यरत |
| आयोग के निर्देशानुसार Criticality Analysis & Vulnerability Mapping | सम्पन्न की गयी |
| गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमें | 1135 |
| गैंगेस्टर एक्ट में नामित | 4118 व्यक्ति |
| एनएसए कार्यवाही | 59 अपराधियों पर |
| आदर्श आचार संहिता उल्लंघन | कुल 241 संज्ञेय व 251 असंज्ञेय अपराध दर्ज |
| वाहनों से | रु. 12,84,00,000.00 जुर्माना वसूल |
| शराब की बरामदगी | 11 लाख लीटर |
| नष्ट अवैध शराब भट्टियाँ | 1730 |
| जब्त अवैध शस्त्र, कारतूस, बारुद, बम | 8,593 अवैध शस्त्र, 11,541 कारतूस, 6,518 कि.ग्रा. बारुद एवं 4146 बम |
| सीज अवैध शस्त्र फैक्ट्रियाँ | 219 |
| धारा 116 (3) में पाबन्द | 15,60,879 व्यक्ति |
| एनबीडब्ल्यू में गिरफ्तार | 26,413 अपराधी |
| धन बल रोकने हेतु | 1329 FST व 1329 SST कार्यरत |
| नकदी, सोना, चाँदी जब्त | रु. 32,47,00,000.00 नकद, 123 कि.ग्रा. सोना (मूल्य रु. 41,82,00,000.00) कि.ग्रा. व 308 कि.ग्रा. चाँदी |
| मादक पदार्थ जब्त | 15428 कि.ग्रा. (मूल्य रु 18,00,00,000.00) |
| कुल रु. 123 करोड़ की धातुएँ, मादक पदार्थ व नकदी जब्त। यह विधान सभा निर्वाचन 2017 के जब्त सामग्री मूल्य रु. 47.6 करोड़ से काफी अधिक है। | |

## लोक सभा निर्वाचन हेतु अन्य तैयारियाँ/व्यवस्थाएँ

● यूपी–100 के वाहनों को संवेदनशील स्थलों/रास्तों पर व्यवस्थापन के निर्देश।

● पुलिस कर्मियों के मतदान हेतु 1,43,438 पुलिस कर्मियों का फार्म–12 भरकर रिटर्निंग ऑफिसर को पोस्टल बैलेट जारी करने हेतु भेजा गया है। विधान सभा चुनाव 2017 में मात्र 10 प्रतिशत पुलिस कर्मी पोस्टल बैलट से मतदान कर पाये थे। इस बार 85 प्रतिशत पुलिस कर्मियों का पोस्टल बैलट सम्बन्धी प्रपत्र भरवाया जा चुका है।

● सोशल मीडिया शिकायत सेल के हेल्पलाइन नम्बर 9792101616 पर प्राप्त 186 शिकायतों पर कार्यवाही सम्पन्न।

● सी–प्लान एप का प्रथम चरण मतदान में प्रयोग सफल। मतदान केन्द्रों से सम्बन्धित सूचना प्राप्त होने पर इस एप के माध्यम से तत्काल सम्बन्धित सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं डेज़िगनेटेड पुलिस ऑफिसर से सम्पर्क कर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त कर शीघ्र समाधान किया गया। अफवाहों पर नियंत्रण स्थापित करने में एप उपयोगी रहा। Confidence Building Measure के रूप में इसकी प्रभावशीलता बढ़ रही है।

● एलओआर एप कानून–व्यवस्था प्रकरणों की Real-time Monitoring द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाये रखने में अत्यंत उपयोगी पाया गया है।

## विविध

● दिनांक 27.04.2019 : लखनऊ ज़ोन का चिल्ड्रेन समर कॉर्निवल–2019 पुलिस लाइन, लखनऊ में श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्षा, वामा सारथी (उ.प्र.पु. फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ। श्रीमती सिंह ने चिल्ड्रेन पार्क का शुभारम्भ किया।






कॉर्निवल में पुलिस परिवार के बच्चों ने चित्रकला प्रदर्शनी, मतदाता जागरुकता नुक्कड़ नाटक, नृत्य, गायन में प्रतिभा प्रदर्शन कर पुरस्कार अर्जित किये। श्रीमती सिंह ने पुलिस मॉर्डन स्कूल के कक्षा 8, 9 व 10 की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।



● दिनांक 21.04.2019 : 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ में श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्षा, वामा सारथी (उ.प्र.पु. फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) के तत्वावधान में उ.प्र. पुलिस परिवार व बच्चों हेतु स्वास्थ्य कॉर्निवल तथा कैरियर कॉउन्सलिंग सम्पन्न हुई जिसमें पुलिस लाइन व पुलिस मॉर्डन स्कूल के छात्र/छात्राएँ, पुलिस परिवार के बच्चे व उनके माता–पिता सम्मिलित हुए।

श्रीमती सिंह ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया व महिलाओं के स्वास्थ्य की महत्ता, परिवार में उनकी केन्द्रीय भूमिका व महिलाओं को स्वयं सक्षम बनने पर प्रकाश डाला। श्रीमती सिंह ने कार्यक्रम में बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शन, संवाद सत्र में दुविधाओं/भ्रम दूर करने, प्रतिस्पर्धा के वर्तमान दौर में नये पाठ्यक्रम व नयी सम्भावनाओं का अपनी योग्यता, लगन और रुचि के अनुसार चयन कर आगे बढ़ने व भविष्य सँवारने के अवसरों को स्पष्ट किया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र (स्वास्थ्य चर्चा) में के.जी.एम.यू. से डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. नरसिंह वर्मा व डॉ. सिद्धार्थ कुँवर तथा हेल्थ ज़ोन की सुश्री सिमरन साहनी व साइकोलॉजिस्ट, डॉ. नेहा आनन्द ने बच्चों एवं परिजनों को अच्छे स्वास्थ्य के लाभ/महत्ता, स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियाँ व स्वास्थ्य जागरुकता संदेश दिये।

द्वितीय सत्र (कैरियर कॉउन्सलिंग) में डॉ. अमृता दास, इन्स्टीट्यूट आफ कैरियर स्टडी, डॉ. सुरभी मोदी सहाय, क्लेट, श्री विजय प्रताप सिंह, ध्येय आईएएस, श्री अशोक रघुवंशी, रघुवंशी क्लासेज़, श्री शैलेन्द्र त्रिपाठी, रेजोनेन्स क्लासेज़ व श्री शिवम शुक्ला, शील्ड डिफेन्स अकादमी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं, इन्जीनियरिंग, मेडीकल, कॉमर्स आदि पढ़ाई व सशस्त्र बलों में चयन हेतु अभिभावकों एवं छात्रों का मार्गदर्शन किया।

बच्चों ने 'मेरी भारत माँ' नृत्य नाटिका प्रस्तुत की व पर्यावरण सुरक्षा तथा कन्या भ्रूण हत्या आदि सामाजिक मुद्दों पर जागरुक किया। कार्यक्रम में उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ती उपस्थित रहीं।




निर्देशन : श्री सुजीत पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री आर. के. गौतम, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण : प्रतियाँ–3500